in the regard. Necessary terms of reference of the Committee are being worked out by D. E. S. U.

सांप की खाल का निर्यात

4926. **श्री हुकम चन्द कछवाय** : क्या वैदेशिक व्यापार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत दो वर्षों में कितनी देशों को सांप की खाल का निर्यात किया गया है ; और

(ख) उक्त अवधि में इस प्रकार के निर्यात से कितनी भारतीय तथा विदेशी मुद्रा अर्जित की गई ?

वैदेशिक व्यापार मंत्रालय में उप-मंत्री (चौधरी राम सेवक) : (क) और (ख). एक संलग्न है ।

सांप की खाल का निर्यात

(मूल्य लाख रुपये में)

क्रमांक	देश	1968-69	1969-70
1.	ब्रिटेन	45.25	42.08
2.	डेनमार्क		0,11
3.	स्विटजर-लैण्ड	0.17	—
4.	बेल्जियम	0.08	—
5.	फ्रांस	4.62	1,40
6.	प० जर्मनी	128.86	26.51
7.	इटली	8.93	6.07
8.	नीदरलैंड	0.38	0.34
9.	स्पेन	7.04	12.04
10.	बुलगा-रिया	—	0.67
11.	चैकोस्लो-वाकिया	—	0.36
12.	हंगरी	0.68	—
13.	युगोस्ला-विया	19.77	5.34
14.	जापान	—	0.40
15.	संयुक्त राज्य अमरीका	32.85	13.09
16.	परागवे	—	0.01
17.	वेनाजुला	0.39	—
	योग :	241.02	108.51

सिचाई सुविधाओं की व्यवस्था करने के लिए उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले का विद्युतीकरण

4927. **श्री जगेश्वर यादव** : क्या सिंचाई तथा विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में अधिक सिंचाई सुविधाओं की व्यवस्था करने के लिए ग्राम विद्युतीकरण कार्यक्रमों का विस्तार किया है ;

(ख) यदि हां, तो किन किन तहसीलों और गांवों में बिजली पहुंचाई गई है ।

(ग) क्या सरकार का विचार उन्नाव जिले की पुर्वा तहसील के पूर्वी भाग में भवाई खानपुर में बिजली की व्यवस्था करने का है, जहाँ कि सिचाई सुविधाये नगण्य है ; और

(घ) क्या सरकार का विचार उस पिछड़े तथा शुल्क क्षेत्र का विकास करने के लिये खानपुर तथा अगहीरा के बीच बहने वाली साई नदी पर लिफ्ट सिंचाई योजना लागू करके अपेक्षित सुविधाओं की व्यवस्था करने का है ?